श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

भूराभगत में 6 जनवरी से चालू होगा महादेव मेला

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा, 22 जनवरी. प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी भूराभगत में आयोजन किया जा रहा. महादेव मेला 6 जनवारी से चालू हो जाएगा और 17 फरवरी तक चलेगा. मेले में श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली.

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि मेले के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि महादेव मेले में छिन्दवाड़ा जिले सहित समीपवर्ती जिलों एवं अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए यातायात, सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पर्याप्त बसों की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री नारायन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि जुन्नारदेव से भूराभगत तथा दमुआ से भूराभगत पैदल मार्ग में स्थित सभी जल स्रोतों को नियमित रूप से शुद्ध किया जाए। मेला स्थल पर शुद्ध पेयजल, एंबुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए। इसके साथ ही सुलभ शौचालय एवं चलित शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को सुरक्षा की दृष्टि से विशेष सतर्कता बरतते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पार्किंग एवं पुलिस व्यवस्था

बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय ने मेला क्षेत्र में वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग हेतु स्थलों का चिन्हांकन कर अनाउंसमेंट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संभावित दुर्घटना स्थलों पर साइनेज लगाने, प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा मेला क्षेत्र में पुलिस चौकियों के दोनों ओर सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

टेंट सिटी में रहेंगी विशेष सुविधाएं

श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के ठहरने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष भी टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। टेंट सिटी में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

नकुल कमलनाथ की प्रेरणा से कांग्रेस पार्षद ने तीर्थ यात्रा पर भेजे वार्डवासी

छिन्दवाड़ा. धर्मानुरागी कमलनाथ एवं नकुलनाथ की प्रेरणा से कांग्रेस पार्षद के द्वारा अपने वार्डवासियों को तीर्थ दर्शन पर भेजा गया है। वार्डवासी जिस वाहन से रवाना हुए उसे कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के वार्ड क्रमांक 29 के कांग्रेस पार्षद राहुल मालवीय के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने वार्ड की माताओं व बहनों को मां नर्मदा की जयंती के शुभ अवसर पर नर्मदा तीर्थ यात्रा पर भेजा जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी वार्डवासियों को बस के द्वारा तीर्थ यात्रा पर रवाना किया गया। नर्मदा तीर्थ यात्रियों का एक जत्था रवाना हुआ सभी माताओं को तिलक लगाकर व फूल माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेश कपाले, पप्पू यादव बादल साहू, एस. कुमार पेंटर, ईनोद कांबले, रोशन इंगले, बेले, रोहित मालवी, जीत पवार समान द्विवेदी, विनोद बारापत्रे, श्रीमती किरण मालवी, श्रीमती रेणु डहेरिया, श्रीमती रेणु तिवारी, राजेंद्र सिंह बेस, श्रीमती ममता चोखे नायडू, श्याम वर्मा ने सभी यात्रियों को झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रा पर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे।

नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाया

नगर निगम के अमले ने शहर के शारदा चौक क्षेत्र में की कार्रवाई

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा, 22 जनवरी. शहर में नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने वार्ड नंबर 23, पुराना चांद नाका स्थित शारदा चौक के सामने वाली कॉलोनी में कार्रवाई की। नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को विशेष अभियान चलाया गया।

शारदा चौक क्षेत्र में नाली के ऊपर लगभग 15 मकानों द्वारा बाउंड्री वॉल, मकान के हिस्से और चबूतरे बना लिए गए थे। इन अतिक्रमणों के कारण बीच में पानी की पाइपलाइन टूट गई थी, जिससे दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। साथ ही नालियां पूरी तरह भर गई थीं और पानी का बहाव पूरी तरह से बाधित हो गया था, जिससे क्षेत्र में गंदगी और जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी। इस समस्या को स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के बाद नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और नाली के ऊपर बने अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान बाउंड्री वॉल और चबूतरों को तोड़ा गया तथा नाली की सफाई कर पानी के बहाव को पुन: सुधार किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक नालियों पर अतिक्रमण से जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि भविष्य में नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता पुलिस ग्राउंड में संपन्न

छिन्दवाड़ा. खेलो एमपी यूथ गेम्स की जोन स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस स्थानीय पुलिस ग्राउंड छिंदवाड़ा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें पाँच जिले पांढुर्णा, बैतूल, बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा के पुरुष और महिला वर्ग में खिलाड़ी सम्मिलित हुए। पुरुष वर्ग में फाइनल मैच में बैतूल जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं छिंदवाड़ा रनर अप रहा। इसी प्रकार महिला वर्ग में फाइनल मैच में छिंदवाड़ा और बालाघाट के बीच मुक़ाबला हुआ, जिसमें बालाघाट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और छिंदवाड़ा रनर अप रहा। इस अवसर पर श्री शेषराव यादव सहित सभी जनप्रतिनिधि और खेल संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

जहर और अज्ञात कारण से दो की मौत

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा, 22 जनवरी. जिले में जहर और अज्ञात कारण के चलते दो मौत हो गई। जिसमें एक महिला ने अज्ञात जहर का सेवर कर लिया। वही एक युवक की अज्ञात कारण से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार मानवती पति चमन उइके उम्र 30 साल करलई चौरई की रहने वाली है। उसने अज्ञात कारणों के चलते बुधवार को जहर का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। उल्टियां होते देख परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तो? दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

अज्ञात कारणों से मौत

इधर दूसरी घटना में हिरवावासुदेव के रहने वाले युवक ने अज्ञात कारणों के चलते दम तोड़ दिया है। जानकारी अनुसार विक्की पिता मोरेश्वर उइके उम्र 30 साल अचानक बेहोश हो गया था। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

चेक बाउंस मामले में आरोपी को सुनाई की सजा

न्यायालय ने दिया बैंक को 2 .22 लाख जमा करने का आदेश

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा, 22 जनवरी. मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की जिले की शाखा ईतवारी द्वारा दर्ज कराए गए एक चेक बाउंस मामले में न्यायालय द्वारा ग्राम लोनिया करबल निवासी दयाशंकर पिता चन्दू नागवंशी को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी को बैंक को 2.22 लाख रूपये की राशि जमा करने का आदेश दिया गया है। यदि वह राशि जमा नहीं करता है तो उसे 30 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के अनुसार आरोपी दयाशंकर पिता चन्दू नागवंशी ने मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा ईतवारी से दिनांक 03.11.2022 को वाहन ऋण हेतु राशि रू. 1,85,000 का ऋण लिया था। बैंक द्वारा ऋण की वसूली की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर आरोपी ने शाखा प्रबंधक अखिलेश जैन को रू. 1,75,572 का चेक 26.12.2023 का सौंपा था। जब यह चेक बैंक में जमा किया गया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया।

नोटिस का भी नहीं दिया जवाब

इसके बाद बैंक द्वारा आरोपी को कानूनी नोटिस भेजा गया, जिसका उसने कोई जवाब नहीं दिया और न ही राशि का भुगतान किया। अंतत: बैंक ने आरोपी के विरूद्ध छिंदवाड़ा न्यायालय में धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कराया। इस प्रकरण में न्यायालय द्वारा दिनांक 15 .01 .2026 को निर्णय सुनाया गया, जिसमें आरोपी को दोषी मानते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 2 .22 लाख रूपये की वसूली का आदेश पारित किया गया।

अधिवक्ता प्रणय नामदेव ने की पैरवी

प्रकरण में शाखा प्रबंधक अखिलेश जैन ने न्यायालय में बैंक की आर से साक्ष्य प्रस्तुत किए। साथ ही बैंक के पैनल अधिवक्ता प्रणय नामदेव द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। बताया जा रहा है कि जिले में ऐसे कई प्रकरण सामने आ रहे है, जिनमें हितग्राही बैंक से लोन तो ले लेते है, लेकिन बाद में उसे चुकाने की जिम्मेदारी नहीं निभाते। बैंक द्वारा लगातार नोटिस और समझाइश के बाद भी राशि नहीं चुकाने का मामला न्यायालय तक पहुंचता है और अंतत: ऋणी को जेल की सजा भुगतनी पड़ती है।

टेली लॉ सर्विस के माध्यम से अब घर बैठे नि:शुल्क कानूनी सलाह

छिंदवाड़ा, 22 जनवरी. वीएलई की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागृह में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार उपस्थित थे। कार्यशाला में वीएलई को सभी सर्विस की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यशाला में विशेष रूप से न्याय विभाग के द्वारा संचालित टेली लॉ सर्विस ओर इ कोर्ट सर्विस की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। न्याय विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित टेली लॉ के माध्यम से अब हर व्यक्ति घर बैठे नि:शुल्क कानूनी सलाह का लाभ प्राप्त कर सकता है, इसके लिए हितग्राही को अपने नजदीकी सीएससी सेंटर जाकर अपनी समस्या का रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, टेली लॉ के माध्यम से क्रिमिनल मामलों, सिविल मामलों, जमीनी विवाद, बैंकिंग मामलों, उपभोक्ता मामलों, इंश्योरेंस संबंधित समस्या, एवं सभी प्रकार की कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है। भोपाल से पधारे टेली लॉ सर्विस के स्टेट कोऑर्डिनेटर आशीष द्विवेदी ने बताया कि टेली लॉ के माध्यम से मध्यप्रदेश में लगभग 12 लाख हितग्राहियों को वकीलों द्वारा नि:शुल्क सलाह प्रदान की जा चुकी है

आज श्रीराम मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर होंगे विविध आयोजन

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा, 22 जनवरी. सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट द्वारा संचालित शहर के हृदय स्थल में स्थित श्रीराम मंदिर छोटी बाजार में माता सरस्वती एवं महासंत श्रीरामदास चौबे बाबा के अवतरण दिवस के अवसर पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा आज विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल सोनी एवं सचिव सतीश दुबे लाला ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर आज प्रात: 11 बजे पूजन एवं हवन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री द्वारा जनेऊ संस्कार कराया जाएगा। दोपहर पश्चात महिला मंडलों द्वारा रामायण मंडल द्वारा रामायण पाठ भजन एवं हल्दी कुम कुम का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शाम 06 भंडारा का आयोजन होगा जबकि रात्रि 08 बजे से श्री विद्यार्थी रामायण मंडल द्वारा रामायण एवं भजन का कार्यक्रम भी किया जाएगा।

शासकीय भवनों और ऐतिहासिक व राष्ट्रीय स्मारकों पर की जाएगी रोशनी

छिन्दवाड़ा. राज्य शासन के निर्देशों निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय भवनों और ऐतिहासिक स्थलों व राष्ट्रीय महत्व की स्मारकों पर 25 एवं 26 जनवरी 2026 की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने इसके लिए पुलिस अधीक्षक व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के साथ ही सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों, आयुक्त नगरपालिक निगम, सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

शराब पीने के बाद दो युवकों में विवाद

छिंदवाड़ा। दो दोस्तो ने पहले मिलकर शराब खरीदी और उसके बाद नशा चढते ही दोनो आपस में एक दूसरे से भिड़ गए। देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। दरअसल बुधवार रात लगभग 11 बजे के आसपास दो दोस्तो ने इमलीखेडा शराब दुकान से पैसे जोकर पहले शराब खरीदी। और निगम द्वारा बनाये जा रहे काम्पलेक्स के सामने पहले उन्होंने जमकर शराब पार्टी की और शराब के पैसे और चखना को लेकर पैसो का हिसाब करने लगे। इसी बीच चंद पैसो को लेकर दोनो दोस्त एक दूसरे के दुश्मन बन गये और गाली गलौच करने लगे। और देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। ये विवाद किसी ने अपनी कैमरे में कैद कर लिया जो कि अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद पुलिस की गाडी का सायरन सुन दोनों दोस्त अपने अपने वाहन उठाकर वहां से चले गये।

तुलतुला मंदिर के पास फिर नजर आया तेंदुआ

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा, 22 जनवरी. जंगलों में रहने वाले वन्यप्राणियों ने इन दिनों रहवासी इलाकों में अपना ठिकाना बनाया हुआ है। बीते एक माह से तामिया रेंज में लगातार तेंदुए और बाघ की मूवमेंट बनी हुई है। इस दौरान इन्होंने पालतू मवेशियों को भी अपना निशाना बनाया है। एक बार फिर तेंदुए ने अपनी दस्तक आबादी क्षेत्र में दी है।

दरअसल बीती रात तामिया से देलाखारी मार्ग के बीच स्थित तुलतुला मंदिर पहा ?ी पर तेंदुआ की चलकदमी राजगीरों को नजर आई। तेंदुए की इस मूवमेंट को राहगीरों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया। जो कि अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि तेंदुआ तुलतुला मंदिर के पास स ?क से लगी हुई पहाड़ी से नीचे आता है और कुछ देर रुकने के बाद पुन:वापस पहाड़ी की और चला जाता है। इस दौरान गाड़ी के लाइट के उजाले से वह थोड़ा असहज महसूस करता है। और देखते ही देखते जंगल की और चला जाता है। तेंदुए के इस वीडियो के सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन ने आमजन और राहगीरों से अपील की है कि इस रास्ते में सावधानी से सफर करें। वन क्षेत्र में अनावश्यक विचरण न करें तथा बच्चों को भी अकेले नहीं जाने दें। रात्रि और शाम के वक्त अपनी सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखें और छोटे बच्चों तथा मवेशियों को घर में ही रखें। मवेशियों को बांधने वाले स्थान उचित प्रकाश का इंतजाम रखे। साथ ही किसी भी ग्राम वासी को वन्यजीव दिखाई देता है तो उसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को तत्काल दे। वाहन नियंत्रित गति मे चलाए ढ्ढ अपनी सुरक्षा के साथ वन्यजीव की भी सुरक्षा का ध्यान रखें।

नाड़ी परिक्षण ईलाज

(1) लकवा, बिपी, शुगर, दारू छोड़ना, पाथरी, मानसिक रोग, स्त्री रोग, सर दर्द, चक्कर , दुबलापन रोग, हड्डी जोड़, दमश्वास, टिबी कैन्सर आदि व अन्य इलाज किया जाता है.

पंजीयन क्रमांक-24825/25
वैद्य श्री, धर्मेन्द्र बनारसे
मु. खडेला तह.सौंसर
जिला पाढुरना (म.प्र.)
मोबा. 8305876287

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589